Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 24-08-2005

Participants : Sangwan Shri Kishan Singh

>

Title : Issue regarding 'One Rank One Pension' for Ex-Servicemen in the country.

श्री किशन सिंह सांगवान (सोनीपत) : सभापति महोदय, मैं एक बहुत महत्वपूर्ण ईशू आपके सामने रखना चाहता हूं। इस देश में लाखों ऐसे एक्स-सर्विसमैन हैं जिन्होंने इस देश की सेवा की है, किसी ने आर्मी में, किसी ने नेवी में और किसी ने एयर फोर्स में। ऐसे लाखों पूर्व सैनिक लगातार कई वर्ाों से वन पैंशन वन रैंक के लिए संघर्ा कर रहे हैं। पिछली सरकार के समय में भी वे अनेक बार डेपुटेशन पर डिफैंस मिनिस्टर से मिले और अब भी मिल रहे हैं। उन्होंने कई प्रदर्शन और मीटिंग्स भी कीं, लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई। अफसोस इस बात का है कि जो रिटायर्ड पूर्व सैनिक अफसर हैं, उनको मिल गया, लेकिन जो छोटे सैनिक रहे हैं, उनको आज तक नहीं मिला। वे अपनी मांग के लिए दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं।

मैं आपके माध्यम से डिफैंस मिनिस्टर से मांग करता हूं कि जिन सैनिकों ने देश की सेवा की है, उनके इस काम को पूरा करें। इसके साथ ही पूर्व सैनिकों के लिए पूरे देश में सैनिक बोर्ड बने हुए हैं। सैनिक बोर्डों का इतना बुरा हाल है कि जिनके लिए वे बनाए गए हैं, उनके लिए काम नहीं कर रहे हैं। हर विभाग में जो नौकरियां निकलती हैं, पूरे देश में कोई विभाग सोल्जर बोर्ड से नाम नहीं मांगता, वे टेन्योर खत्म करके रिटायर हो गए, उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। उनकी सुविधाएं लगातार घट रही हैं। सैनिकों के लिए बनाई गई कैन्टीनों का मिसयूज़ हो रहा है। उनका सामान सैनिकों को नहीं मिल रहा बल्कि दूसरे लोगों को मिल रहा है। जो सामान कनसेशन पर मिलता है, उसका लाभ दूसरे लोग उठा रहे हैं।...(व्यवधान) इसमें करप्शन शामिल हो गई है। इसलिए इसकी तरफ सरकार का ध्यान जाना चाहिए कि सैनिकों को जो सुविधाएं दी गई हैं, उनका लाभ उन्हीं को मिलना चाहिए, किसी दूसरे को नहीं।

सैनिकों की सुविधा के लिए पूरे देश में सैनिक रैस्ट हाउस बने हुए हैं, लेकिन बहुत जगह वे एक तरह से होटल का काम कर रहे हैं। वहां के कुछ लोग मिलीभगत से सैनिकों को ठहरने के लिए जगह नहीं देते बल्कि दूसरे लोगों को ठहराते हैं और उनसे किराया वसूला जाता है। इस प्रकार के कामों से पूरे देश के भूतपूर्व सैनिकों में रोा और निराशा है। सरकार इसमें दखल दे। सबसे आवश्यक बात यह है कि उनकी पैंशन में बहुत वर्ाों से बढ़ोतरी नहीं हुई है। पूरे देश में कुछ ही विभाग हैं जिन्होंने एक्स-सर्विसमैन के लिए सीटों की रिजर्वेशन कर रखी है, अधिकतर विभाग नहीं करते। हर विभाग में एक्स-सर्विसमैन की नौकरी के लिए सीटों की रिजर्वेशन होनी चाहिए और उनका कोटा बढ़ाया जाना चाहिए।

इतना कहकर मैं आपको समय देने के लिए शुक्रिया करता हूं। बहुत-बहुत धन्यवÉÉn[R151]।